# <u>Hindi</u>

प्रश्न 1. बच्चों यह हस्ताक्षर पहली है। यहाँ दिए गए है कुछ जानी–मानी हस्तियों के हस्ताक्षर। इन्हें पहचानें और उस हस्ती का नाम लिखें। आपकी मदद के लिए प्रत्येक मशहूर व्यक्ति के बारे में कुछ संकेत भी दिए जा रहे हैं।

1. इन्हें प्यार से सभी इन्दू कहते थे। इनके पुत्र हमारे देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। इनका पूरा परिवार राजनीति से जुड़ा हुआ है।




2. यह कलात्मक हस्ताक्षर किए है एक मशहूर चित्रकार ने। इनकी बनाई घोड़ों की पेटिंग्स दुनिया भर में मशहूर है।




3. इन्हे काली–सफेद चौकोर खानों का मास्टर कहा जाता है, मतलब इनका सम्बन्ध है शतरंज से। नाम के अनुरूप ही इन्हें अपने खेल में बहुत आनन्द आता है।




4. हम सभी इनका जन्मदिन अपने स्कूलों में बड़े धूमधाम से मनाते हैं। इनके जन्मदिन के साथ ही हम इस दिन अपने शिक्षकों का सम्मान भी करते हैं।



5. ये हस्ताक्षर हैं बहुत बड़े उद्योगति के, जिनके नाम की बसें और ट्रक आज पूरे देश में दौड़ रहे हैं। इन्हें भारत रत्न भी मिला है।




6. इन्हें कौन नहीं जानता, हमारे प्रजातंत्र की बागडोर इनके हाथों में ही है। इन्हें दुनिया का सबसे शिक्षित सत्ता सिरमौर होने का गौरव प्राप्त है।



7. इस हस्ताक्षर को करने वाले मशहूर शहनाई वादक थे। 2001 में इन्हें भारत रत्न से नवाजा गया था। दुनिया के कई बड़े–बड़े देशों में इनकी शहनाई की गूँज सुनाई दी।



8. यह है लिटिल मास्टर। इन्होंने सालों पहले टीम की कप्तानी की। इनका बेटा भी क्रिकेट की दुनिया में है। इन्हें खेलों के इतिहास में महान ओपनिंग बल्लेबाज होने का खिताब हासिल है।



प्रश्न 2. निम्नलिखित दोहे को कंठस्थ कर प्रार्थना सभा में सुनाइये :

1. दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय।
   जो सुख में सुमिरन करै, दुख कौहे को होय।।

2. बड़े बड़ाई ना करै, बड़े ना बोले बोल।
   रहिमन हीरा कब कहै, लाख टका मेरो मोल।।

3. करत–करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान।
   रसरी आवत जात ते, सिल पर परत निसान।।

4. रहिमन निज मन की व्यथा, मन ही राखो गोय।
   सुनि अठिलैहें लोग सब, बाँटि न लैहे कोय।।

5. रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय।
   टूटे से फिर ना जुरै, जुरै गाँठ पड़ि जाय।।

प्रश्न 3. निम्नलिखित गद्यांश में से संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया और विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए :

एक कक्षा में एक बच्चा बैठा–बैठा रो रहा था, तभी उसकी मैडम वहाँ आ गई और उससे पूछने लगी बेटा मोनू क्या हुआ ? क्यों रो रहे हो ? तब उसने कहा – मुझे मेरी कक्षा के कुछ बच्चे रोहित, गौतम, मीना चिढ़ा रहे थे और कह रहे थे तुम पढ़ने में बहुत बुद्धू हो तो मैडम ने कहा आप उन्हें होशियार बनकर दिखाओ फिर वह बहुत खुश हुआ और खूब मेहनत करने लगा और परीक्षा समाप्त होने के बाद अपने मामा के घर दिल्ली चला और और वहाँ खूब मौज मस्ती की। अच्छी–अच्छी पत्रिकाएँ पढ़ी। छुट्टियाँ समाप्त होने पर वह वापस भोपाल आ गया और खूब पढ़ाई करने लगा।

| संज्ञा | सर्वनाम | क्रिया | विशेषण |
| --- | --- | --- | --- |
| ............................ | ............................ | ............................ | ............................ |
| ............................ | ............................ | ............................ | ............................ |
| ............................ | ............................ | ............................ | ............................ |
| ............................ | ............................ | ............................ | ............................ |
| ............................ | ............................ | ............................ | ............................ |

प्रश्न 4. निम्नलिखित वर्ग पहेली को हल कीजिए।

**बाएं से दाएं**

1 दशहरा पर्व (6)
5 नारी का उल्टा (2)
6 माप (2)
9 राम-लक्ष्मण के पिता (4)
11 इससे घर में पानी आता है (2)
12 आश्रय, शरण (3)
14 गिद्धराज, जो रावण से लड़ा (3)
16 चंदन का अंग्रेजी (3)
17 हमला (2)
18 वहम (2)




**ऊपर से नीचे**

1- संसार (2)
2- दोस्ती, मित्रता (2)
3- गति से लगातार (4)
4- कुतुब... (3)
7-रास्ता (2)
8- रावण का पुत्र (4)
10- एक कंद
12- पसंदीदा, अच्छा लगना (3)
13- सूजी का ... (3)
15- नौजवान (3)